अमर उजाला
13-12-2025

सामाजिक समस्याओं पर की चर्चा

अंबाला। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में जीएमएन कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में मानवाधिकारों, संवैधानिक मूल्यों और समाज के कमजोर वर्गों के संरक्षण के प्रति समझ तथा जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एडवोकेट अमिता वर्मा रहीं, जिन्होंने मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बच्चों से संबंधित कानूनी अधिकारों, हक और उपलब्ध उपचारों पर गहन जानकारी प्रदान की। उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों, ट्रांसजेंडर बच्चों, मानव तस्करी से मुक्त कराए गए बच्चों तथा बाल श्रम और बाल विवाह जैसी सामाजिक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। संवाद